हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025

9 खाद नहीं मिलने से किसान परेशान, तहसीलदार...



10 थनवास के वाटर टैंकों में पर्याप्त स्टॉक के बाद भी गांव में एक माह...



CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।

10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।

D.R. GROUP OF INSTITUTIONS

महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616

कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072

सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।

B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy

- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग की पहल: इस बार 7.40 लाख पौधे तैयार करने का लक्ष्य

**पर्यावरण दिवस पर विशेष**

- वन विभाग ने पौध तैयार करने के लिए बना रखी हैं सात नर्सरियां, जहां मिलेंगे फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे, जिन्हें नि:शुल्क प्राप्त करने के लिए लोगों को देनी होगी साधारण एप्लीकेशन

राजकुमार ▶▶ नारनौल

पर्यावरण संरक्षण और वनस्पति वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग ने इस बार बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग अबकी बार 7.40 लाख पौधे तैयार कर रहा है, जो पिछले साल की तुलना में करीब दो लाख अधिक है। पिछले साल करीब सवा पांच लाख पौधों की तुलना में इस बार पौधारोपण के लिए अधिक पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

वन विभाग की इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है, बल्कि इससे वनस्पति और जीव-जन्तुओं के लिए भी बेहतर परिस्थितियां बनेंगी। वन विभाग की ओर से पर्यावरण दिवस पर 5 जून को विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की भी तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### वन विभाग की योजना

वन विभाग की योजना के अनुसार, इस बार पौधरोपण अभियान को बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का चयन किया है, जो स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल होंगे। वन विभाग के अधिकारी पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन करने में जुटे हुए हैं, ताकि पौधे सही तरीके से उग सकें और उनका संरक्षण हो सके।

वन विभाग की इस पहल से न केवल वनों का विस्तार होगा, बल्कि इससे भूमि की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। पौधरोपण से वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी और प्रदूषण कम होगा, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पेड़-पौधे बरसात में भी मददगार होते हैं और बरसात की इस समूचे इलाके को अब सख्त जरूरत पड़ने लगी है, क्योंकि कुएं बरसात में निरंतर गिरावट आने से सूख चुके हैं और लोग पेयजल योजनाओं पर निर्भर रहने को मजबूर हैं।

वर्तमान में पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा-ब्यास मैनेजेंट बोर्ड की ओर से छोड़े जाने वाला नहरी पानी रोक लेने के सबसे ज्यादा बुरा असर इसी जिले पर पड़ा है और लोग घरों में नल नहीं आने से परेशान रहने लगे हैं। ऐसे में उन्हें बरसात में मददगार पेड़-पौधों का महत्व समझ में आने लगा है।



नारनौल। वन विभाग की नर्सरी में तैयार की जा रही पौध। फोटो : हरिभूमि

### आगे की योजना

वन विभाग की योजना है कि भविष्य में भी पौधरोपण अभियान को इसी तरह बड़े पैमाने पर चलाया जाए। इसके लिए विभाग विभिन्न समुदायों और संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

### यहां बनी हैं जिले में नर्सरी

वन विभाग की ओर से नारनौल के रेवाड़ी रोड पर कृष्णावति नदी, सिहमा, लहरोदा, भुंगारका, नांगल माला, महेंद्रगढ़ कार्यालय एवं झगड़ोली में सात नर्सरियां बनाई गई हैं, जहां से लोग साधारण एप्लीकेशन देकर एक जुलाई के बाद पौधे निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पिछली बार करीब सवा पांच लाख पौधे वितरित किए गए थे, जबकि अबकी बार 7.40 लाख पौधे वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन नर्सरियों में फलदार पौधों में अनार, अमरूद, जामुन, नींबू व सहजना शामिल हैं। छायादार पौधों में बड़, पीपल, चिलकन, गूल्लर, नीम, शीशम, पापड़ी आदि पौधे मिलेंगे। इसी प्रकार फूलदार पौधों में बोगन की बेल, गुड़हल, चांदनी एवं कनेर के पौधे मिल सकेंगे।

**यह कहते हैं वन अधिकारी**



वन अधिकारी रजनीश यादव ने बताया कि वन विभाग का लक्ष्य है कि जिले के सभी क्षेत्रों में पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को इसके महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा, बल्कि इससे लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। वन विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए, हमें भी अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए योगदान देना चाहिए और पौधारोपण को बढ़ावा देना चाहिए।

**पर्यावरण दिवस पर विशेष आयोजन**

*पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग 5 जून को महेंद्रगढ़ रोड पर पंचायत भवन के साथ लगते ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें जिला सत्र एवं न्यायाधीश नरेंद्र सूरा मुख्यातिथि होंगे। इस मौके पर जिला वन अधिकारी विजेंद्र कुमार एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें। इस कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को भी शामिल किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की जाएगी और लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारी और विशेषज्ञ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करेंगे और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।*

**स्कूलों में भी मनेगा पर्यावरण दिवस**

*हर बार की तरह इस बार भी स्कूलों में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान की ओर से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि सभी स्कूल मुखिया 5 जून को स्कूल प्रांगण में कम से कम पांच पौधे लगाएं। माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा सरपंच के नाम दिए गए पत्र को उन्हें सौंपे तथा लगाए गए पौधों की फोटो खींचकर कलैस्टर हैड के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी को भेजें।*

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक कोई भी कोविड का केस नहीं

**नारनौल।** सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने भारत में बढ़ते कोविड 19 केसों को देखते हुए जिला वासियों से आह्वान किया है कि वो किसी भी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से बचें। यदि किसी जरूरी कार्य से जाना पड़े तो मास्क लगाकर जाएं। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जिले में अब तक कोई भी कोविड 19 का केस नहीं है। अगर किसी भी व्यक्ति को बुखार, खांसी, जुकाम व सांस लेने में तकलीफ आदि लक्षण हो तो वह अपनी नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी कोविड 19 की जांच करवाएं।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक 8 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक आठ जून को किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में सुबह 10:30 बजे होगी। संगठन के संयुक्त सचिव शिवहरी अग्रवाल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा करेंगे। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के अतिरिक्त शहर की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले उड़े चोर

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव से घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी हो गई है। बाइक मालिक ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में रामपुरा निवासी जोगेन्द्र कुमार गत 27 मई को रात्रि को कुछ अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक चोरी कर ली है। हर जगह तलाश करने के बाद भी उसको उसकी बाइक नहीं मिली। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गुजरवास जोतराम धाम पर भंडारा व जागरण आज

**मंडी अटेली।** गांव गुजरवास में स्थित बाबा जोतराम धाम पर चार जून को भंडारे और जागरण का आयोजन किया जाएगा। बिल्लू भगत ने बताया कि आज बाबा जोतराम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दिन के समय भंडारा और रात को जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में राजेंद्र श्याम कला, संजू सोनी द्वारका और धीरू गुजरवास सहित अन्य गायक कलाकारों द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## नगर पालिका ने पिछले सप्ताह करवाई थी मुनादी, आज भी चलेगा अभियान

# हाइप जिम के पास से चबूतरों पर चला नपा का पीला पंजा, हड़कंप

- 2.81 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है मॉडल संस्कृति स्कूल से मसानी चौक की सड़क का निर्माण
- सैनीपुरा मोहल्ले में भाई रामसिंह की कोठी तक चल रहा है सड़क का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पुराने नारनौल रोड स्थित हाइप जिम से नगर पालिका प्रशासन का पक्के चबूतरों पर मंगलवार को पीला पंजा चला है। नपा की ओर से पिछले सप्ताह ही मुनादी करवाकर दुकानदारों व रिहायशी लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। मंगलवार को करीब तीन बजे नपा पूरे दलबल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा।

इसके अलावा 11 हट्टा बाजार के दुकानदारों में भी हड़कंप रहा। इसके अलावा कई महिलाएं पुलिसकर्मी के आगे हाथ जोड़ती हुई नजर आई। अभियान का नेतृत्व सचिव अनिल कुमार ने किया। इनकी अगुवाई में पक्के चबूतरे हटाए गए। नगर पालिका का यह अभियान मोहल्ला सैनीपुरा तक रहा हैं। बुधवार को यह अभियान 11 हट्टा बाजार में हो सकता है।

बता दें कि नगर पालिका द्वारा मॉडल संस्कृति स्कूल से लेकर माता मसानी चौक तक सड़क का निर्माण 2.81 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। ठेकेदार की ओर से सैनीपुरा मोहल्ला से सड़क का निमार्ण कार्य शुरू किया हुआ हैं। सैनीपुरा मोहल्ले के लोगों ने सड़क के दोनों तरफ करीब 10-10 फुट का कब्जा किया हुआ है, जिसके चलते सड़क की चौड़ाई काफी कम हैं। इसके अलावा बाजार के दुकानदारों ने भी दोनों तरफ कब्जा जमाए बैठे हैं। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148-बी से जोड़ता है। इसके अलावा यह मार्ग 50 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं।

टूटी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर 500 से अधिक दुकान हैं, जिसके कारण आमजन, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों की माने तो करीब 20 वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था।

नारनौल से रेवाड़ी की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मसानी चौक, पाठशाला रोड, परशुराम चौक, बास मोहल्ला, सैनीपुरा, गुर्जरों की ढ़ाणी में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर पांच-छह फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जाम के कारण बाजार में आने वाले ग्राहको को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दो किलोमीटर लंबे इस मार्ग का सफर तय करने में वाहनों का आंधे घंटे का समय लग जाता है। अतिक्रमण हटने के बाद राहगीरों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।





महेंद्रगढ़। पक्के चबूतरे तोड़ती जेसीबी मशीन व पुलिसकर्मी के हाथ जोड़ती महिला। फोटो : हरिभूमि

**यह बोले प्रधान**

*नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि मंगलवार से हाईप जिम के पास से अतिक्रमण हटवाने का अभियान शुरू हो चुका है। बुधवार को भी अभियान जारी रहेगा। अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम की स्थिति रहती है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर निर्माण कराया जाएगा। इससे दुकानदारों को भी फायदा मिलेगा।*



महेंद्रगढ़। अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

# यातायात नियमों को लेकर पुलिस सख्त 4892 वाहनों के काटे चालान, 94 इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस की यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। जिसके मई माह में पुलिस ने यातायात नियमों को उल्लंघन करने वाले 4892 वाहनों के चालान काटे व 94 वाहन इंपाउंड किए। पुलिस ने जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पिछले माह में एक विशेष अभियान चलाया। जिसके तहत चार हजार आठ सौ से अधिक वाहन चालकों के चालान किए गए व 94 वाहनों को इंपाउंड किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशों के अनुसार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से की गई।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों, सीट बेल्ट न लगाने वालों, गलत लेन या दिशा में वाहन चलाने वालों और बिना कागजात वाली गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी और उनके कागजात की जांच की। इस दौरान 94 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया।



नारनौल। बाइक का चालान करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**सख्ती रहेगी जारी: एसपी**



पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे तय गति सीमा में वाहन चलाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और सभी सुरक्षित रहे। पुलिस की ओर से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि भविष्य में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मई माह में पुलिस ने किए चालान**

| | |
|---|---|
| बिना हेलमेट | 1471 |
| दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग | 344 |
| बिना सीट बेल्ट | 125 |
| वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग | 18 |
| ड्रंक ड्राइविंग | 18 |

# कांवी में 22 वर्षीय नवयुवक ने लगाई फांसी

**नारनौल।** नजदीक कांवी गांव में जोहड़ के पास करीब 22 वर्षीय नवयुवक एक पेड़ पर फांसी का फंदे पर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर ग्रामीण एवं पुलिस मौके पर पहुंचे तथा युवक को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। करीब 22 वर्षीय नवयुवक आकाश कुमार परिवार मध्यप्रदेश का रहने वाला है और यह परिवार कई सालों से कांवी की ढाणी मामराज में रह रहा है तथा यहां पर रहकर मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का गुजारा करते हैं। मंगलवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते गांव के जोहड़ के पास पेड़ पर फांसी लगाकर इस परिवार के 22 वर्षीय बेटे आकाश ने आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिजनों को लगी तो वे मौके पर पहुंचे तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया, जहां पुलिस ने चिकित्सकों से शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

# टूटी सड़क के बाद अब नाला क्रासिंग मार्ग बन रहे हादसों का कारण

- लोक निर्माण विभाग की ओर से नपा की सड़कें तोड़कर बनाया गया था नाला
- अवगत करवाने के बाद भी लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना में महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे नम्बर 24 के दोनों ओर कनीना से उन्हाणी तक लोकनिर्माण विभाग की ओर से बीते वर्ष किए गए नाला निर्माण के बाद आमजन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नपा की सड़कें तोड़कर बनाए गए नाले का लेवल उपर होने तथा सड़क मार्ग का लेवर नीचे होने के कारण वहां से गुजरने वाले वाहन नाले के फर्स पर टिक रहे हैं। बारिश के दौरान इन स्थानों पर हालात बिगड़ने की पूरी संभावना है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से बनाए गए रास्ते नाले की भेंट चढ़ गए हैं, जो अब हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं।

अटेली मोड़ से लेकर रेवाड़ी मोड़ टी प्वाइंट तक सड़क के दोनों ओर करीब दर्जनभर क्रासिंग रास्तों का कमोबेश यही हाल है। जहां से वाहन रेंगकर नाला पार कर पा रहे हैं। कहा जा रहा है कि नगर पालिका प्रशासन से बिना अनुमति लिए लोकनिर्माण विभाग ने आनन फानन में नाला निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से रास्ते तोड़कर खुदाई कर डाली। जिसे बनाने से विभाग के अधिकारी पीछे खिसक रहे हैं। नाला बनाने के बाद अब उन टूटे रास्तों को लोकनिर्माण विभाग ठीक नहीं करवा रहा है। जिससे आमजन की समस्या बढ़ रही है। इस समस्या को लेकर बार बार अधिकारियों को अवगत करवाया गया है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

इस बारे में सहदेव यादव, संदीप कुमार, मिंटू, नरेंद्र चौधरी, अनूप सिंह, प्रदीप कुमार व राजीव ने कहा कि लोकनिर्माण विभाग की ओर से नाले का निर्माण कार्य करते समय टूटने वाली सड़कों को बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब उन क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरूस्त नहीं किया जा रहा, जबकि इसके साथ बनाए गए महेंद्रगढ़ कनीना सड़क मार्ग टूटने लगा है। उन्होंने क्षतिग्रस्त प्वाइंटों पर तत्काल सड़क मार्ग दुरूस्त किए जाने की मांग की है।

**क्या कहती है नपा चेयरपर्सन**

*इस बारे में नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने कहा कि नपा चुनाव से पूर्व नाले का निर्माण कार्य करवाया गया था। नाला बनाते समय विभाग ने नपा से अनुमति ली या नहीं यह उनकी जानकारी में नहीं है, लेकिन तोड़े गए रास्तों को बनाना लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है।*

**क्या कहते है कनिष्ठ अभियंता**

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता नवल कुमार ने बताया कि विभाग उनकी ओर से मौका देखकर ऐस्टीमेट बनाया गया था। जिसे अधिकारियों को भेजा गया है। नाले के सभी क्रासिंग को सुविधाजनक बनाया जाना था। उनकी ओर से जल्द ही मौका देखकर क्रासिंग मार्गों को दुरुस्त करवाया जाएगा।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

## लाइफ Style

# धनश्री
## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



## हॉलीवुड मसाला



# गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




# रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

## टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ़्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो




**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

**बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने**





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आज़म। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आज़म को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

## खबर संक्षेप

### बड़गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** गांव बड़गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा व शिक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। सभी को बेटियों को पढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. पूजा यादव ने कहा कि बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। उन्हें समान अवसर और प्रोत्साहन मिलेगा तो वे अपने सपनों को पूरा करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रसव पूर्व लिंग जांच कराना अपराध है। ऐसा करने या करवाने पर सजा का प्रावधान है।

### डीसी ने ली बैंकों की त्रिमासिक समीक्षा बैठक

**नारनौल।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रिमासिक बैठक ली। डीसी डॉ. विवेक भारती ने समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की ओर से प्रायोजित ऋण स्कीमों प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में साइबर ठगी के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रकार के फ्रॉड को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना तथा ठगी के शिकार होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन में शिकायत करना सुनिश्चित करें।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना जरूरी

**नारनौल।** पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करना बहुत जरूरी है। हम सबको मिलकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ पौधारोपण करना है, ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को एडीआर सेंटर में पर्यावरण के संबंध में आयोजित अधिकारियों की बैठक में कही। सीजेएम ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें पौधरोपण करना चाहिए।

# महंगे पौधे से असंतुष्ट होकर स्वयं की खोल दी नर्सरी, अब बरगद, पीपल व नीम की पौध दे रहे निःशुल्क

**खास बातें**

- बरगद व पीपल के पौधे लगाने की मास्टरी ने रूपराम को किया राजस्थान के गांवों तक प्रसिद्ध
- पर्यावरण व जीवजगत का विषय हर युग में प्रासंगिक रहा है: रूपराम





नारनौल। रूपराम द्वारा लगाए गए पेड़। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पर्यावरण व जीवजगत का विषय हर युग में प्रासंगिक रहा है। मानव सुविधा भोगी होता गया व प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करता गया। निजी स्वार्थ के लिए उसने पर्यावरण को इस कदर हानि पहुंचाई की पिछले कुछ दशकों से ये ज्वलंत मुद्दा है कि जनसमुदाय को किस प्रकार जागरूक किया जाए और प्रेरित किया जाए कि वो इस विषय पर गंभीर हो। पर्यावरण संरक्षण के यज्ञ में कुछ लोग हैं, जो अपने सामर्थ्य से कहीं परे आहुति दे रहे हैं।

उन्हीं में से एक हैं गांव बलाहा कलां के रूपराम, जो दोहान क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। हरियाणा शिक्षा विभाग में तीस साल सेवा करने के बाद 2016 में सेवानिवृत्त हुए रूपराम ने अपने 25 सालों के निरंतर प्रयासों से बाधाओं को बौना साबित किया है। जिसका प्रमाण गांव बलाहा कलां व बलाहा खुर्द के सीमावर्ती क्षेत्रों में बरगद व पीपल के पेड़ों की श्रृंखलाएं झूम झूम कर दे रही हैं। उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों की संख्या चार अंकों में पहुंच गई है।

आसपास के क्षेत्र में उन्हें बड़ वाले मास्टर के नाम से जाना जाता है। बरगद और पीपल के पेड़ लगाने की मास्टरी ने उन्हें राजस्थान के गांवों तक प्रसिद्ध कर दिया है। एक बात और महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बाजार से महंगे दामों पर खरीदे पौध की गुणवत्ता से असंतुष्ट होकर उन्होंने स्वयं की नर्सरी विकसित कर ली है। जहां बरगद, पीपल और नीम की पौध निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

### रूपराम ने 2002 में पहला पौधा लगाया

गांव के जोहड़ की पाल या कोई भी ऐसा स्थान जहां कोई अंकुरण हो और उनकी नजर में न आए, ऐसा कभी नहीं हुआ। वो अंकुरण उनकी नर्सरी से होकर विशाल पेड़ का रूप लेता है। आसपास के गांवों और सीमावर्ती राजस्थान के लोग न केवल उनकी नर्सरी से निःशुल्क पौधे प्राप्त करते हैं, बल्कि उन्हीं के हाथों उन पौधों को लगवाते भी हैं। गांव जो राजस्थान की सीमा से सटा हुआ है और जहां पिछले 25 सालों से पेयजल तक आसानी से उपलब्ध नहीं होता। वहां विपरीत परिस्थितियों में नर्सरी व पौधारोपण के लिए पानी की व्यवस्था करके सिंचाई के सीमित साधनों पेड़ की जड़ के पास छेद वाला घड़ा दबाकर व वर्षा के जल का अधिकाधिक उपयोग करके उन्होंने जो मुहीम चलाई है वो आपको दांतों तले उंगली दबाने पर विवश कर देगी। अपने अध्यापन काल से ही सुबह शाम इस कार्य को समय देने वाले रूपराम सेवानिवृत्ति के बाद तो अपना सारा समय पेड़ पौधों की देखभाल में ही व्यतीत करते हैं। स्वयं रूपराम के शब्दों में धरती हरी भरी रहे तो सभी पुण्य के भागी हैं। रूपराम ने कहा कि उन्होंने 2002 में पहला पौधा लगाया था तब स्वयं यह कल्पना नहीं की थी, कि ये कारवां यहां तक पहुंच जाएगा। इन लहराते पेड़ों को देखकर आत्मिक शांति मिलती है। पर्यावरण के रूप व सौंदर्य को निखारने वाले रूपराम जैसे कारण ही

## पुलिस अधीक्षक ने डीएसपी व थाना प्रबंधकों के साथ की बैठक

# लापरवाह चालकों पर पुलिस करेगी सख्ती, जल्द दिखेगा इसका असर

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध खुर्दे, अहाते चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बैठक लेती एसपी पूजा वशिष्ठ।

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंगलवार को अपने कार्यालय में डीएसपी, थाना प्रबंधकों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराया और उनकी पालना करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रात के समय में ईआरवी, पीसीआर, राइडर की चेकिंग करें और उन पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रभावी ढंग से गश्त कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री करने वाले, अवैध खुर्दे, अहाते चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि दबंग प्रवृति के व्यक्तियों की पहचान कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समय समय पर सीलिंग प्लान की गतिविधि की जाए, इसको लेकर उन्होंने थानों के वायरलेस सेट की जांच करने और रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि डायल 112 की टीम से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की चेकिंग कराएं। इससे अपराध पर रोकथाम लगाने में मदद मिलेगी और आपराधिक मामलों को सुलझाने में भी मदद मिल सकती है।

पुलिस कप्तान ने थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि नशीले पदार्थ बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि साथ ही नशा करने वालों की भी पहचान करें। युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करें, उन्हें शिक्षा, खेलों के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने पूर्व में नशा बेचने वालों की भी जानकारी ली और उनपर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि समय समय पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाकर नशे पर प्रभावी कार्रवाई करें।

### थाना व चौकियों में साफ सफाई के भी दिए निर्देश

इसके अलावा उन्होंने थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए अपने थाना व चौकी परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। नियमित रूप से पावर सप्लाई, इंटरनेट कनेक्शन को चेक करें। थाना व चौकियों में पीने के पानी के लिए वाटर कूलर को भी समय समय पर साफ करते रहें। उन्होंने थाना प्रबंधकों से ग्राउंड स्तर पर आने वाली समस्याओं की जानकारी ली और उनके संबंध में सुझाव भी लिए। इस मौके पर डीएसपी हरदीप सिंह, डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी दिनेश कुमार, सभी थाना प्रबंधक व संबंधित ब्रांच इंचार्ज मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों जैसे वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ओवर स्पीड, बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म तथा बुलेट वाहनों से पटाखे बजाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त व प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तेज गति से वाहन चलाने वालों, हाईवे पर गलत लेन में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों को सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन



आदित्य अतुल तेजल

**महेंद्रगढ़।** गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे तथा तकनीकी क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि सूरज संस्थानों के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर नए कीर्तिमान स्थापित किए है, इस वर्ष घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड सहित जेई मेन्स, सीए, नीट, आदि सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए व उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

# आरपीएस स्कूल के आदिश जैन इंटरनेशनल साइंस ओलम्पियाड में चयनित

- आरपीएस नारनौल बना लगातार दूसरी बार इंटरनेशनल साईंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। छात्र आदिश जैन को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

आरपीएस स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र आदिश जैन पुत्र गौरव जैन ने इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलम्पियाड (आईजेएसओ) में प्रथम स्थान हासिल करके अपने माता-पिता, विद्यालय, क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन किया है। पिछले वर्ष विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल पुत्री अनिल कुमार यादव ने आईजेएसओ-2024 में गोल्ड मेडल जीतकर यह कारनामा हासिल किया था। दूसरी बार विद्यालय के छात्र आदिश जैन का भी इंटरनेशनल साईंस ओलम्पियाड में चयन हुआ है। अब आदिश जैन रूस में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। प्राचार्य बाबुलाल यादव ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए पांच चरणों से होकर गुजरना पड़ता है। प्रथम चरण की प्रतियोगिता में देशभर से 43671 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें दूसरे चरण की परीक्षा के लिए 300 होनहार प्रतिभागी चुने गए। तीसरे चरण की प्रतियोगिता बैंगलोर में आयोजित हुई, जिसमें 35 विद्यार्थी चयनित किए गए। चौथा चरण जिसे इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलम्पियाड के नाम से जाना जाता है।



नांगल चौधरी। एनएसएस कैडेटों को सामाजिक दायित्वों से अवगत कराते जिला संयोजक चरण सिंह। फोटो: हरिभूमि

### सरस्वती स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एनएसएस के जिला संयोजक चरण सिंह व सरस्वती स्कूल नांगल चौधरी की प्राचार्या वंदना यादव मुख्य रूप से मौजूद रही। इस दौरान कैडेटों ने रैली निकालकर ग्रामीणों जल संरक्षण तथा पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। एकेडमिक शिक्षा से व्यक्तिगत विकास संभव है, सामूहिक विकास के लिए विद्यार्थियों में स्वयंसेवा भावना को विकसित करना अनिवार्य है। इसके लिए सरकार ने स्कूल व कॉलेजों में राष्ट्रीय सेवा योजना क्रियाविंत की गई है। जिसके अंतर्गत एनएसएस कैडेटों को स्वयं सेवा भावना की उपयोगिता से अवगत कराया जाता है, साथ ही उन्हें समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को मिटाने में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके बाद कैडेटों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता कपिल देव शर्मा, एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार ने विचार व्यक्त किए।

# साइकिल यात्रा से पर्यावरण संरक्षण व सामुदायिक एकता का दिया संदेश

- कुरहावटा रोड व गांव कलवाड़ी में निकाली साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती पवित्रा राव।

विश्व साइकिल दिवस पर हस्ती देवी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. पवित्रा राव ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा गांव कुरहावटा रोड व गांव कलवाड़ी में निकाली गई। साइकिल यात्रा में समिति सदस्य व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। समिति अध्यक्षता डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली व सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि साइकिल चलाना नए केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करने में मदद करती हैं। समिति प्रवक्ता मनोज यादव ने बताया कि हस्ती देवी ट्रस्ट भविष्य में भी ऐसे आयोजन के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करता रहेगा।

डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि यह एक छोटा सा कदम है जो हमारे भविष्य के लिए बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। कोच बस्तीराम ने कहा कि समिति द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्य वास्तव में हम सबके लिए एक प्रेरणा है।

उन्होंने आशा जताई कि आगे भी इस प्रकार के आयोजन कर समिति द्वारा समाज में जागरूकता लाने का काम किया जाता रहेगा। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण व समिति सदस्य उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### टैगोर स्कूल के 23 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई एडवांस में लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** टैगोर स्कूल के 23 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई एडवांस में परचम लहराया है। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराई जाती है। जिसका परीक्षा प्रमाण गत दिवस घोषित किया गया, जिसमें टैगोर स्कूल के मनीष पुत्री अरविंद ने 1136 रैंक, हैप्पी पुत्र योगेश ने 4559 रैंक, आयुष पुत्र सतपाल ने 7203 रैंक हासिल करके जेईई एडवांस में सफलता पाई हैं। सीईओ डॉ. निशा यादव ने बताया कि अगर मन में दृढ़, इच्छा, संकल्प व लग्न की भावना हो तो कोई भी छात्र या छात्रा अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। चयनित छात्रों ने भी जेईई एडवांस जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग के शानदार अंकों के साथ पास करके अपने विद्यालय के साथ-साथ अध्यापक, माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया हैं। चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी शानदार प्रदर्शन करके हर प्रतियोगी परीक्षा में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते आ रहे हैं।

### स्याणा में चाउंड ऋषि की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**कनीना।** गांव स्याणा के ढाब आश्रम स्थल पर ऋषि चाउंड की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसी आश्रम प्रांगण में महंत सुन्दर पुरी महाराज की ओर से 41 दिवसीय पंचधूणी तपस्या की गई है। जिसका समापन मंगलवार को होने पर हवन व भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंहत ने विश्वकल्याण व शांति को लेकर बीती 24 अप्रैल से तपस्या शुरू की थी। जिसके समापन अवसर पर मंगलवार को ऋषि चाउंड की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई व भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। इस समारोह से पूर्व सोमवार को झांकी व कलश यात्रा का आयोजन किया गया था। मौके पर मंहत विश्वास गिरि, मंहत शीतल गिरि, मंहत श्रद्धानंद, जयसिंह, संदीप, कैलाश चंद, अनिल कुमार, समशेर सिंह, हनुमान सिंह उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कैंप आयोजित



नारनौल। शिविर में भाग लेती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में नांगल चौधरी आर्य समाज की ओर से आयोजित साप्ताहिक आर्या विरांगणा निर्माण व सुरक्षात्मक शिविर का शुभारंभ नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी व अन्य समाज से जुड़े गणमान्य लोगों ने किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त बनाना है। यह शिविर लड़कियों को आत्मरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और वैदिक मूल्यों के बारे में प्रशिक्षित करना है। शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास, शिक्षा एवं ज्ञान, वैदिक मूल्यों का ज्ञान, आत्मविश्वास एवं निर्भीकता का विकास, महिलाओं का सर्वांगीण विकास करना, आत्मनिर्भर और सशक्त महिला बनाना, वैदिक मूल्यों के अनुरूप जीवन जीने के लिए प्रेरित करना, महिलाओं को समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना था। शिविर में जोधपुर से आए तीन प्रशिक्षक व वैदिक कक्षा की व्यवस्था की।यह शिविर आर्य समाज के महिला संगठन आर्य वीरांगना दल की ओर से आयोजित किया गया। इस मौके पर हंसमुनि महाराज, राधेश्याम आर्य, प्रधान विरेन्द्र आर्य, धर्मवीर आर्य, कर्णसिंह मास्टर, विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव, प्राईमरी हैड उमा यादव, मनीता यादव, उप प्राचार्य संदीप खैरवाल, आयुष यादव, खामोश शर्मा डीपीई आदि मौजूद थे।

**सूचना**

मैं, ज्ञान सागर पुत्र उदमी राम पुत्र रामनाथ निवासी नांवा, तहसील सतनाली, जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सरजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै संजीव वर्मा पुत्र नानक चंद वर्मा वासी मौहल्ला शिवाजी नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विपुल व उसकी पत्नी सोनिका मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनद. न करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै केवल कुमार पुत्र श्याम लाल वासी मौहल्ला केशव नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रवि कुमार व उसकी पत्नी पूनम देवी मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## तानाशाही करने वाले खाद बीज विक्रेताओं पर कार्रवाई करने की मांग

# खाद नहीं मिलने से किसान परेशान, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। तहसीलदार अटेली को ज्ञापन सौंपते बसपा नेता अतरलाल व किसान।

किसानों को डीएपी खाद खरीदने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सम्बन्ध में बहुजन समाज पार्टी के नेता समाजसेवी अतरलाल के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार अटेली से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा, उपायुक्त व तहसीलदार के नाम तीन अलग अलग ज्ञापन तहसीलदार अटेली को सौंपकर किसानों को डीएपी खाद खरीदने में हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग की।

अतरलाल ने ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें अटेली न्याय यात्रा के दौरान बोचड़यि, हसनपुर, सलीमपुर, महासर, गिरधरपुर, दौंगड़ा अहीर, सिलारपुर, भोजावास आदि अनेक गांवों के किसानों से शिकायत मिली है कि उन्हें डीएपी खाद खरीदने के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों को डीएपी खाद खरीदने के लिए लाइनों में लगना पड़ रहा है। खाद बीज विक्रेता डीएएपी खरीदने पर एक हजार रुपये का कीटनाशक अथवा अन्य सामान खरीदने को बाध्य करते हैं। डीएपी होते हुए भी किसानों को डीएपी नहीं देते है। रेट से ज्यादा कीमत वसूलते हैं। डीएपी के कट्टों में एनपीके का खाद भर कर बेचते हैं। बीज भी डुप्लीकेट रखते हैं। किसानों ने ज्ञापन में मांग की है कि ऐसी तानाशाही करने वाले खाद बीज विक्रेताओं के खिलाफ सरकार कार्रवाई कर उनके लाइसेंस रद्द करे। खाद बीज विक्रेताओं की सघन जांच की जाए।

उन्होंने कहा कि कई विक्रेताओं ने स्टॉक दूसरों के पास रखा हुआ है। उनके स्टॉकों की भी जांच की जाए। अतरलाल ने कहा कि किसानों को पेश आ रही इन समस्याओं को लेकर तहसीलदार अटेली के माध्यम से ज्ञापन कृषि मंत्री व उपायुक्त के नाम का सौंपा। तहसीलदार ने आवश्यक कार्रवाई के लिए ज्ञापनों को राज्य सरकार व उच्च अधिकारियों को भेजने का भरोसा दिया तथा खुद भी इसकी जांच करवाने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में भागसिंह चेयरमैन, रामपाल सिंह बोचड़यि, रामचन्द्र बोचड़यि, मामराज शर्मा, कृष्ण कुमार, धर्मसिंह, ओमप्रकाश आदि किसान शामिल थे।

## खबर संक्षेप



नारनौल। नशा न करने के बारे में जागरूक करते अधिवक्ता सुधीर कुमार।

### नशे की लत एक गंभीर बीमारीः सुधीर कुमार

**नारनौल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशीली दवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव नसीबपुर में जागरूकता कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता सुधीर कुमार ने कहा कि नशे की लत एक गंभीर बीमारी है।




नारनौल। योग करते अधिकारी, कर्मचारी व प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

### रेडक्रॉस भवन में हुआ योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नारनौल।** मंगलवार को रेडक्रॉस भवन में 11वां अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। प्रतिदिन योग करने से कई शारीरिक और मानसिक लाभ मिलते हैं। योग शरीर को मजबूत और लचीला बनाता है, तनाव को कम करता है व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है।

# बिजली सरचार्ज माफी योजनाः घरेलू उपभोक्ताओं को एकमुश्त मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट

- सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अपने उपभोक्ताओं को बिजली बिलों पर बकाया सरचार्ज से बड़ी राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सरचार्ज माफी योजना 2025 को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

यह योजना उन सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। जिनके बिजली बिलों पर सरचार्ज की राशि बकाया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि डीएचबीवीएन ने नौ मई को सरचार्ज माफी योजना 2025 शुरू की है। योजना के तहत सरकारी कनेक्शनों पर बकाया मूल राशि का एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प होगा और सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा। यह योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित सभी उपभोक्ता श्रेणियों के कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड उपभोक्ताओं के लिए लागू होगी। यह योजना केवल ऐसे उपभोक्ताओं के लिए मान्य होगी, जो 31 अगस्त 2024 तक निगम के डिफॉल्टर थे और आज की तारीख तक डिफॉल्टर बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से बकाया बिल रहने और समय पर बिजली का बकाया बिल न चुकाने के कारण बिजली कनेक्शनों पर भारी मात्रा में सरचार्ज लगाया जाता है। इसी बात को मत देना जरा रखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार ऊर्जा मंत्री भी लगातार सरचार्ज माफी की प्रगति की समीक्षा करते रहते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय, ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं या निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं।

#### कृषि उपभोक्ताओं के लिए ये है स्कीम

*इस योजना की अधिसूचना की तिथि तक कुल विलंब भुगतान अधिभार स्थिर रहेगा। एपी उपभोक्ता जो योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास बकाया मूल राशि का भुगतान करने का विकल्प होगा। एकमुश्त या तीन बिलिंग चक्रों में अधिसूचना। एपी उपभोक्ताओं का बिलिंग चक्र चार महीने में एक बार होता है। यदि भुगतान एकमुश्त किया जाता है, तो मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और पात्र एपी उपभोक्ताओं को पूरा अधिभार माफ किया जाएगा। अतिरिक्त हुए अधिभार की राशि तीन चालू बिल के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में माफ कर दी जाएगी। किसी भी छूटी हुई किस्त के मामले में बकाया राशि को वर्तमान बिलों के साथ अंतिम किश्त तक चुकाना होगा अन्यथा पूरी अधिभार राशि फिर से वसूल की जाएगी और उपभोक्ता को योजना से बाहर माना जाएगा, जो उपभोक्ता योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास अधिसूचना की तिथि तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प होगा और अधिभार माफ कर दिया जाएगा।*

#### बकाया राशि को चालू बिलों के साथ अंतिम किस्त तक चुकाना होगा

*इस योजना की अधिसूचना की तारीख तक कुल विलंब भुगतान अधिभार स्थिर रहेगा, जो घरेलू उपभोक्ता योजना में भाग लेना चाहते हैं, उनके पास अधिसूचना की तारीख तक बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुश्त या 8/4 बाद के मासिक व द्विमासिक बिलों में करने का विकल्प होगा। यदि भुगतान एकमुश्त किया जाता है, तो मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को पूर्ण अधिभार छूट प्रदान की जाएगी। 8/4 चालू मासिक व द्विमासिक बिलों के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में रुकी हुई अधिभार राशि माफ कर दी जाएगी। किसी भी छूटी हुई किस्त के मामले में बकाया राशि को चालू बिलों के साथ अंतिम किस्त तक चुकाना होगा अन्यथा पूरी अधिभार राशि फिर से वसूल की जाएगी और उपभोक्ता को योजना से बाहर माना जाएगा।*

## परेशान ग्रामीणों को कृषि बोरवेल से करना पड़ रहा पानी का प्रबंध

# थनवास के वाटर टैंकों में पर्याप्त स्टॉक के बाद भी गांव में एक माह से बना पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

थनवास में कैनाल बेस्ड नहरी पानी की सप्लाई पहुंचा दी गई है। करोड़ों की लागत से टैंकों का निर्माण कराया गया है, ताकि पानी का स्टॉक हो सके। बीते दिनों नहरी पानी उपलब्ध होने पर सभी टैंकों को भर दिया है। बावजूद गांव में एक महीने से पेयजल संकट बना हुआ है। परेशान ग्रामीणों को कृषि बोरवेलों से पानी का प्रबंध करना पड़ रहा है। समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत करवा दिया, लेकिन समाधान प्रक्रिया अटकने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। रवि कुमार, कृष्ण कुमार, बल्लू सिंह, शिवलाल, महीपाल, बिक्रम मास्टर ने बताया कि नांगल चौधरी निजामपुर ब्लॉक को डार्कजोन में शामिल किया गया है। ग्रामीणों की पेयजल व्यवस्था के लिए विभाग ने कैनाल बेस्ड नहरी पानी की सप्लाई पाइप दबाकर प्रत्येक गांव में पहुंचा दी। साथ ही इंव वाइज करोड़ों की लागत से टैंक निर्माण स्वीकृत किया गया है। जहां से फील्टर पानी की सप्लाई के प्रबंध हैं। पंप ऑपरेटरों को सभी वार्डों में नियमित रूप से पानी सप्लाई देने की हिदायत है। बीते दिनों नहरी सप्लाई उपलब्ध होने के बाद सभी टैंकों में पानी भर दिया है। बावजूद थनवास गांव में बीते एक महीने से पेयजल संकट बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पंप ऑपरेटर मनमर्जी से चुनिंदा वार्डों में पानी छोड़ते हैं। शिकायत दर्ज कराने का अल्टीमेटम देने पर परिणाम भुगतने का अल्टीमेटम देने लगते हैं। जिससे परेशान ग्रामीणों ने वाटर टैंकरों ने पानी खरीदना आरंभ कर दिया।

- ग्रामीणों ने पंप ऑपरेटरों पर लगाए लापरवाही के आरोप
- एक किलोमीटर दूर कृषि बोरवेलों से पेयजल का प्रबंध करने को मजबूर हैं महिलाएं
- शिकायत मिलने पर भी समाधान नहीं कर रहे विभागीय अधिकारी



नांगल चौधरी। पेयजल संकट से परेशान महिलाएं रात को कृषि बोरवेलों से पानी का प्रबंध करती हुई। फोटो : हरिभूमि

#### अवैध कनेक्सनों से बढ़ी समस्या

विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण हुड्डा ने बताया कि करीब 40 गांवों का कार्यभार होने के कारण शिकायतों का निवारण करने में देरी होती है। थनवास में पेयजल संकट होने व कर्मचारियों की लापरवाही संबंधी शिकायत संज्ञान में नहीं। जल्द ही मौका निरीक्षण करके ग्रामीणों की पेयजल सप्लाई को नियमित कराया जाएगा।

#### समाधान शिविर में मिला आश्वासन

*सरजीत, प्रमोद कुमार, धीरज, मनोज कुमार, बिजेंद्र सिंह, नरेश कुमार ने पेयजल संकट की शिकायत समाधान शिविर में दर्ज कराई थी। उन्होंने पंप ऑपरेटरों पर ड्यूटी ने नदारद रहने के आरोप लगाए हैं। कहा कि सप्लाई छोड़ने का आग्रह करने पर पानी का स्टॉक खत्म होने का तर्क देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि टैंक में पानी भरा रहता है, लेकिन लापरवाही की शिकायत मिलने के बावजूद एसडीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे कर्मचारियों में लापरवाही को बढ़ावा मिल रहा है।*



महेंद्रगढ़। फन-डे पर फ्रूटी पीते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विजय इंटरनेशनल स्कूल में मनाया फन-डे

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में फन-डे मनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजक गतिविधियों में भाग दिलवाना है। प्राइमरी विंग की कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों के लिए फन-डे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अनेक प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया जिसमे मुख्य रूप से बॉल पासिंग, चेयर गेम इत्यादि के साथ-साथ बच्चों को हर्बल वाटिका तथा हुड्डा पार्क का भ्रमण करवाया गया। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने सभी बच्चों के लिए गर्मी से बचाव के लिए मैंगो शेक का प्रबंध किया तथा सभी बच्चों को गर्मी से बचाव के उपाय बताए तथा समय पर पढ़ाई करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। मौके पर संस्था संरक्षक महेंद्र सिंह, प्रिंसिपल नत्थू सिंह उपस्थित रहे।

### हैप्पी स्कूल के 3 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा की उत्तीर्ण



हितांश आर्यन दिव्या

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के तीन छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा पास की हैं। छात्र हितांश अग्रवाल पुत्र सुनील कुमार, आर्यन सिंह पुत्र नवनीत सिंह और दिव्या पुत्री रवि प्रकाश ने यह परीक्षा पास की हैं। एनटीए द्वारा घोषित जेईई एडवांस की परीक्षा परिणाम में हितांश अग्रवाल ने 144 ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक, आर्यन सिंह ने 2260 कैटेगरी रैंक और दिव्या ने कैटेगरी रैंक 2759 हासिल कर परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल और विंग प्रभारी संजीव कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर उनके अभिभावकों और उनके शिक्षकों को शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि यह विद्यार्थी, अभिभावक और अध्यापक रूपी त्रिवेणी के संगम का परिणाम है। संस्था प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



महेंद्रगढ़। परीक्षा पास करने वाले मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी का जेईई एडवांस में रहा बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विद्यालय के 47 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूरे भारत में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय के छात्र मनीष ने अपनी कैटेगरी में 300 रैंक, निशांत ने 324 रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इसके अलावा पीयूष 837, जतिन 978, अरूण 1019, भावेश 1103, दिव्य यादव 1172, दीपांशु 1261, योगेंद्र 2859, अमन गोयल 3926, स्नेहा 4586, दीया 5214, आर्यन 5235, अंकित दहिया 5655, नेहा गोयल 5709, विशांत 5894, रीतिका 6750, अंजलि 7807, मिलन 7878, अनुज 8342, श्वेत 9374, अनुज 10274, सिद्धार्थ 10410, दीक्षा यादव 10651, प्रवीण 10902, अंशु 12125, अमन 12835, संध्या 16390, विनीत 21658 आदि के नाम विशेष रूप से शामिल रहे। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे हरियाणा राज्य के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत है।

- विद्यार्थी आगे चलकर भारत और विश्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे : राव बहादुर

इस सफलता के पीछे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण योगदान है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जेईई एडवांस जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके धैर्य, समर्पण और अनुशासन की भी मिसाल है। यह सफलता सिर्फ एक शुरूआत है, आगे चलकर आप भारत और विश्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव ने सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिला पार्षद उर्मिला देवी ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**मंडी अटेली।** वार्ड नंबर 11 से जिला पार्षद उर्मिला देवी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के चंडीगढ़ निवास पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के साथ एक मुलाकात कर अपने वार्ड के विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बताया कि तिगरा पीडब्ल्यूडी सड़क से कनीना सड़क नहर के साथ-साथ रास्ते का निर्माण, धनुंदा गांव से कारिया को जाने वाले रास्ते का निर्माण, सलीमपुर से गुजरवास पीडब्ल्यूडी सड़क तक रास्ते का निर्माण के अलावा विभिन्न विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि पूर्व सरपंच शमशेर सिंह यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री से उनके विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वह सदस्य होने के नाते वह पार्टी की एक वफादार वर्कर भी है। भाजपा की विचारधारा ही भाजपा के सदस्यों को यह सिखाती है कि पहले राष्ट्र, फिर संगठन और अंत में स्वयं। भाजपा ही वह पार्टी है, जिसने परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई। भाजपा ने भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए है, जिसमें युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है।



मंडी अटेली। जिला पार्षद उर्मिला देवी के मांगपत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## कर्मवीर खींची बने प्रदेश मंत्री

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जन जाति विकास परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सांभरवाल ने सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया, राष्ट्रीय कोर कमेटी और हरियाणा कोर कमेटी की सहमति से कर्मवीर खींची को हरियाणा प्रदेश मंत्री नियुक्त किया। कर्मवीर खींची ने नया पद मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया, राष्ट्रीय संयोजक फग्गन सिंह कुलस्ते, संरक्षक मुकुल वासनिक, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सांभरवाल, हरियाणा कार्यालय महामंत्री डॉ. रघुनाथ विश्व प्रेमी एवं कोर कमेटी का आभार व धन्यवाद किया। अपनी नियुक्ति पर खींची ने कहा कि परिषद में निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करूंगा और सामाजिक कार्यों में सहयोग करूंगा।





नारनौल। कार्यकारी अभियंता आशुतोष यादव के सम्मुख मांगें प्रस्तुत करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## नहर विभाग के कर्मचारियों को नहीं मिल रही सैलरी, साबुन एवं कुर्सी

**नारनौल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबरः 41 (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की जिला कमेटी की मीटिंग फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में कार्यकारी अभियंता आशुतोष यादव से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ऑफिस कार्यालय नारनौल में हुई, जिसमें एचकेआरएन कर्मचारियों की दो महीने का बकाया वेतन, पंप हाउसों पर कुर्सी, कर्मचारियों को हाथ धोने के लिए साबुन आदि समस्याओं के बारे में बात हुई, जिसमें कार्यकारी अभियंता ने एचकेआरएन कर्मचारियों की बकाया सैलरी फाइनेंस डिपार्टमेंट को अप्रूवल के लिए भेज दी है। बजट मिलते ही 2-4 दिन में जल्द से जल्द कर्मचारियों की सैलरी खाते में डालने का आश्वासन दिया। पंप हाउसों पर कुर्सी तथा कर्मचारियों को हाथ धोने के लिए साबुन के बिल पास कर दिए है। जल्द 7-10 में खरीद कर कर्मचारियों को दे दिए जाएंगे, यह आश्वासन कार्यकारी अभियंता ने दिया है। मीटिंग में कार्यकारी अभियंता आशुतोष यादव, जिला प्रधान कौशल यादव, जिला सचिव विजेंद्र शर्मा तथा जिला ऑडिटर ओमवीर सिंह मौजूद रहे।

#### टैंडर छोड़ने की प्रक्रिया आरंभ | ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का जताया आभार

# भुंगारका में 72 साल पहले निर्मित स्कूल भवन का होगा पुनर्निर्माण, 97.20 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

भुंगारका गांव में करीब 72 साल पहले निर्मित सीनियर सेकेंडरी के भवनों का पुनर्निर्माण होगा। इसके लिए विभाग ने 97.20 लाख का बजट स्वीकृत कर दिया है। साथ ही विभागीय अधिकारियों को जल्द टैंडर प्रक्रिया पूरी करके निर्माण कार्य आरंभ कराने की हिदायत दी है। भवनों के निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का इस्तेमाल होगा तथा मूलभूत सुविधाओं से संपन्न बनाया जाएगा। बजट मिलने के बाद विभाग की तकनीकी ब्रांच ने टैंडर छोड़ने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

- निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का करेंगे इस्तेमाल

आपको बता दें कि नांगल चौधरी ब्लॉक में भुंगारका सबसे बड़ी पंचायत है। जिसमें करीब पांच हजार मतदाता तथा आठ हजार से अधिक आबादी है। ग्रामीणों की शिक्षण सुविधा के लिए सरकार ने 1953 में स्कूल का निर्माण कराया था। जिसमें अकबरपुर, मूलोदी, सिरोही बहाली, कांवी, इकबालपुर नंगली, नेहरूनगर समेत 30 गांवों के बच्चे पढ़ाई करते थे। इसके बाद संस्था को प्रमोट करके सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा दे दिया गया, लेकिन विभाग ने सुविधा और संसाधन नहीं बढ़ाए। पुराने कमरों में ही सीनियर कक्षाएं लगानी आरंभ कर दी गई। 72 साल पहले निर्मित अधिकांश कमरों की दीवार भुरभुरानी आरंभ हो गई तथा छतों का प्लास्टर गिरने लगा है। छत के ऊपरी हिस्से में दरार पड़ने की वजह से थोड़ी बारिश होते ही पानी टपकने लगता है। हालांकि विभाग ने रिपेयर के लिए बजट भी उपलब्ध कराया था। जिससे केवल फर्श की रिपेयर तथा वॉल पेंटिंग ही संभव हो पाई। कंडम भवनों की सूचना मिलने के बाद अभिभावकों ने स्कूल से दूरी बनानी आरंभ कर दी। बच्चों को निजी संस्थाओं में पढ़ाना आरंभ कर दिया। जिस कारण छात्र संख्या 100 के आसपास ही सिमटकर रह गई। चिंतित ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की केबिनेट मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। ज्ञापन मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया। स्कूल की दयनीय स्थिति से अवगत कराया। सरकार के निर्देशों पर विभाग ने तत्परता पूर्वक बजट स्वीकृत किया तथा जल्द निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं।



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव

### नौ कमरों का होगा पुनर्निर्माण

खंड शिक्षा एवं संसाधन कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता इंद्रपाल ने बताया कि भुंगारका स्कूल के अधिकतर भवन कंडम हो चुके है। अब विभाग ने 97.20 लाख रुपये मिले हैं। जिनसे स्कूल के नौ कमरों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। निर्माण प्रक्रिया में भूकंपरोधी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी महीने टैंडर मांग लिए जाएंगे तथा अगले महीने अलॉट करने व वर्क आर्डर जारी करने का शेड्यूल है।

#### भवनों के नवनिर्माण से स्कूल में बढ़ेगी छात्र संख्या



पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद, दरियाव आर्य, हसराम व दयानंद ने बताया कि भुंगारका स्कूल से करीब 10 गांवों का लगाव है। इन गांवों से पहले सैकड़ों विद्यार्थी पढ़ने आते थे, लेकिन भवनों की दयनीय स्थिति होने के कारण अभिभावकों ने दूसरी स्कूलों में दाखिले करवा दिए। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से भवनों के पुनर्निर्माण की ग्रांट स्वीकृत हो गई है। निर्माण पूरा होने पर स्कूल में दुबारा से छात्र संख्या बढ़ेगी तथा बच्चों की सस्ती व आधुनिक तकनीक से पढ़ाई संभव हो पाएगी।

# छात्र-छात्राएं मेडिकल या नॉन मेडिकल की बजाए कंप्यूटर साइंस में दिखा रहे रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

स्नातक कक्षाओं के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया के दौरान पीजी ब्वॉयज कॉलेज में कंप्यूटर साइंस लेने के लिए विद्यार्थियों में जबरदस्त मारामारी देखने को मिल रही है। महज 3 मार्च तक कंप्यूटर एप्लीकेशन्स में दाखिला लेने के लिए 242 प्रतिशत विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। यानि इसकी सीटें महज 40 निर्धारित हैं, जबकि आवेदन 97 आ चुके हैं। वह भी दोगुने से ज्यादा। जबकि आवेदन करने के लिए अभी छह दिन और शेष हैं। बेचलर आफ कॉमर्स में यूजी की 240 सीटों की तुलना में केवल 118 आवेदन यानि महज 49 प्रतिशत हुए ऑनलाइन फार्म दर्ज करवाए गए हैं। इसी प्रकार नॉन मेडिकल यानि फिजिकल साइंस में दाखिला के लिए सबसे कम यानि महज 55 प्रतिशत ही आवेदन हुए हैं। स्नातक ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में में यूजी की 400 सीटें निर्धारित हैं, जबकि 221 आवेदन ही हुए हैं।



नारनौल। महिला कॉलेज में ऑनलाइन आवेदन कराती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

पीजी ब्वॉयज कॉलेज में बैचलर आफ आर्ट की 660 सीटों की तुलना में 446 यानि 67 प्रतिशत आवेदन अब तक प्राप्त हो चुके हैं। बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिर्सट्रैशन यानि बीबीए में 40 सीटें निर्धारित हैं, जिसके लिए अब तक 37 फार्म मिले हैं और इसका 92 प्रतिशत हो गया है।

पहले जहां साइंस के लिए गला काट प्रर्तिस्पर्धा होती थी, वहीं अबकी बार बैचर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस यानि बीएससी मेडिकल में 160 सीटें निर्धारित हैं और इनकी तुलना में 127 आवेदन ही अब तक प्राप्त हुए हैं, जिसका 79 प्रतिशत बनता है। इसी प्रकार बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस यानि नॉन मेडिकल में 400 सीटों की तुलना में महज 221 यानि कुल 55 प्रतिशत आवेदन ही अब तक प्राप्त हुए हैं। पीजी ब्वॉयज कॉलेज में छह संकायों में स्नातक की पढ़ाई करवाई जाती है और इस कॉलेज में अब तक कंप्यूटर साइंस टॉप पर डिमांड में बनी हुई है। इसी प्रकार में छात्राएं ऑनलाइन आवेदन में कम रुचि दिखा रही हैं। अब तक गर्ल्स कॉलेज में एक भी संकाय में आवेदन शत-प्रतिशत नहीं पहुंचे हैं, जबकि इस कॉलेज में चार संकायों में स्नातक करवाई जा रही है।